Title: Need to provide environmental clearance to development works in Nagri Block, Dhamtari district, Chhattisgarh.-laid

श्री चुन्नीलाल साहू (महासमुन्द): छतीसगढ़ राज्य के धमतरी जिला अंतर्गत नगरी विकास खण्ड में लगभग 34-35 गाँवो मे आजादी के पूर्व से करीब 12,000 लोग निवासरत है । जिसमें 90% आदिवासी समाज से आते है । जो आज भी पक्की सड़क, बिजली, पानी एवं दूरसंचार आदि जैसे सुविधाओं से वंचित है । लेकिन यहाँ उदन्ती-सीता नदी टाईगर रिजर्व क्षेत्र होने के कारण उक्त सभी सुविधाओं के लिए जिला मुख्यालय तक पक्की सड़क न होने से संपर्क विहिन है । आजादी के पूर्व अँग्रेजी शासन काल में उक्त क्षेत्र से लकड़ी की स्लीपर ले जाने हेतु रेल लाईन बिछाई गई थी ।

गत वर्ष शासन द्वारा बिजली सुविधा देने की स्वीकृति मिली और टेंडर भी हो गया लेकिन वन विभाग द्वारा टाईगर रिजर्व क्षेत्र के नाम से निर्माण कार्य की विभागीय अनुमति प्रदान नहीं की गई । उक्त क्षेत्र सिर्फ टाईगर रिजर्व नाम ही रह गया है, जहां वर्तमान में टाईगर देखने को भी नहीं मिलता । इस सुदूर क्षेत्र में निवासित लोगों को सुविधा के अभाव मे अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । इन लोगों को उचित मूलभूत सुविधा मिले इस हेतु शीघ्रातिशीघ्र पहल कराए जाने की अति आवश्यकता है ।

अत: माननीय वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री जी से अनुरोध हैं कि जीवन की बुनियादी सुविधाओं जैसे बिजली, पानी, सड़क, और दूरसंचार को संज्ञान में लेते हुए विभागीय अनुमति प्रदान करे ताकि सुविधाओं से वंचित लोगो को उनके मौलिक अधिकार का लाभ मिल सके ।